Regarding need to develop various eminent tourist places in Bastar Parliamentary Constituency in Chhattisgarh- laid

श्री महेश कश्यप **(बस्तर) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के विकास की दरकार है, यहां पर स्थित चित्रकोट जलप्रपात भारत का नियाग्रा के नाम से प्रसिद्ध है । इसी तरह तीरथगढ़ सहित अन्य जलप्रपात पूरे देश में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन इनका समुचित विकास एवं आवागमन के ठीक साधन उपलब्ध नहीं होने से यहां पर पर्यटकों का आना कम है । मेरा सरकार से आग्रह है कि इन पर्यटन क्षेत्र पर विशेष जोर देकर यहां के स्थानीय रोजगार के साथ भी जोड़ने का प्रयास करें । देश विदेश के पर्यटन प्रेमियों को रायपुर , हैदराबाद, विशाखपट्नम से आने के लिए हवाई रेल व सड़क मार्ग पर आवागमन सहज सुलभ उपलब्ध नहीं होने से पर्यटकों की संख्या नहीं बढ़ रही है । अत: सरकार इस और तत्काल ध्यान दें । कांगेर नेशनल पार्क, मां दंतेश्वरी मंदिर, नारायणपाल मंदिर, धुर्वारास मिचनार हिल्स, कैलाश गुफा, दलपत सागर झील तथा तामडा घूमर जलप्रपात दर्शनीय स्थल में विकास की अपार संभावनाएं हैं ।